शिक्षा सोपान

डॉ0 व्ही0 एन0 कुलकर्णी मेधा छात्रवृत्ति 2024-25 पत्रक

यह छात्रवृत्ति उन विद्यार्थियों को ध्यान में रखकर बनाई गई है जो विकास की तथा कथित धारा से अभी वंचित हैं और संसाधनों के अभाव में जिनकी प्रतिभा समाज के पोषण में काम नहीं आ रही है।

1. परीक्षा तीन वर्गो (कक्षा 5, 8, तथा 10) में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिये है जिनके विद्यालय की फीस क्रमशः कक्षा 5 में 1000 रु/माह या उससे कम, कक्षा 8 में 1300 रु/माह या उससे कम तथा कक्षा 10 में 1500 रु/माह या उससे कम है।*
2. छात्रवृत्ति की अवधि कक्षा 5 के चयनित विद्यार्थियों के लिये 3 वर्ष, कक्षा 8 के विद्यार्थियों के लिये 2 वर्ष तथा कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिये 2 वर्ष है।
3. वर्तमान में छात्रवृत्ति की राशि इन वर्ग समूहों के लिये क्रमशः 4000, 5000 तथा 6000 रुपये प्रतिवर्ष प्रति विद्यार्थी है।
4. छात्रवृत्ति के लिये विद्यार्थियों का चयन दो चरणों में होता है–
   1. लिखित परीक्षा (गणित, विज्ञान, भाषा और सामान्य ज्ञान)
   2. लिखित परीक्षा के सफल विद्यार्थियों का आर्थिक सर्वेक्षण
5. प्रत्येक वर्ग समूह से सामान्यतः 5 विद्यार्थियों का चयन किया जा सकता है।
6. यह परीक्षा सोपान आश्रम, नानकारी परिसर से अधिकतम 10 किमी की दूरी में स्थित विद्यालयों के विद्यार्थियों के लिये है। शिक्षा सोपान समिति इस सीमा से बाहर स्थित विद्यालयों के विद्यार्थियों को अपने विशिष्ट अधिकार का उपयोग कर इस परीक्षा में प्रतिभाग करा सकती है।
7. शिक्षा सोपान समिति का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

**Note: ***कक्षा 5, 8 तथा 10 में पढ़ रहे वो विद्यार्थी जिनके विद्यालय की फीस क्रमशः 1000 रु/माह से अधिक, 1300 रु/माह से अधिक तथा 1500 रु/माह से अधिक है वो भी इस परीक्षा में भाग ले सकते हैं। उनका चयन लिखित परीक्षा के आधार पर होगा परंतु वो छात्रवृत्ति के पात्र नहीं होंगे। उन्हें Academic Enrichment Award दिया जायेगा।

सूचनायें:–

1. फार्म, पत्रक तथा परीक्षाफल www.shiksha-sopan.org पर भी उपलब्ध होगी।
2. परीक्षा तिथिः–**08 दिसम्बर 2024** दिन रविवार
3. फार्म जमा करने की अंतिम तिथिः–**20 नवम्बर 2024**
4. फार्म मिलने व जमा करने का स्थानः– अपने विद्यालय या शिक्षा सोपान अनौपचारिक शिक्षण केन्द्र (बारासिरोही सब्जीमंडी के समीप) या सोपान आश्रम (12/1–3 चकरतनपुर रोड, नानकारी)।
5. प्रवेश पत्र दिनांकः–**25 नवम्बर 2024 से 07 दिसम्बर 2024** तक अपने विद्यालय से प्राप्त करें।
6. प्रवेश पत्र प्राप्त करने में यदि कोई असुविधा हो तो दिनांक **25 नवम्बर 2024** से **06 दिसम्बर 2024** तक फोन द्वारा नीचे लिखे नम्बरों पर सम्पर्क करें।
7. लिखित परीक्षाफल घोषणा तिथिः–**26 जनवरी 2025**

चयनित विद्यार्थियों हेतु अन्य सुविधाएंः–

1. लिखित परीक्षा के आधार पर चयनित सभी विद्यार्थी शिक्षा सोपान द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिये आवेदन कर सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करेः

रितेश सिंह	अतुल कुमार	अमित कुमार बाजपेई
(9935998835)	(8317034948)	(9506611484)

(यह पत्रक विद्यार्थियों के लिये है कृपया इसे फार्म से अलग कर अपने पास सुरक्षित रख लें)